तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, सोमवार 18 अगस्त 2025

[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]

4 सूने मकान में चोरों का धावा, कार सहित अन्य सामानों की चोरी






### बैंक के नोडल ने विपणन विभाग को पत्र लिखकर मांगा भुगतान

# पीडीएस दुकान संचालकों को पिछले वर्ष का नहीं मिला पैसा, इस वर्ष फिर कराया जा रहा जमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

धान खरीदी के लिए प्रतिवर्ष पीडीएस के बारदानों का उपयोग किया जाता है। बीते वर्ष विपणन विभाग के द्वारा पीडीएस के बारदानों का उपयोग खरीदी के दौरान किया गया था।

**खास बात**

- 25 रुपए प्रति बोरी की दर से विभाग करता है भुगतान

जिसके एवज में पीडीएस दुकान संचालकों को दी जाने वाली 25 रुपए प्रति बारदाने की राशि का भुगतान आज तक नहीं किया गया है और इस वर्ष पुनः बारदाना जमा करने के आदेश से दुकान संचालकों ने पुराने भुगतान की मांग रख दी है।

धान खरीदी के लिए प्रतिवर्ष राज्य शासन से बारदाना की आपूर्ति सहकारी समितियों में की जाती है। इसके अलावा पीडीएस के बारदानों का उपयोग भी खरीदी में किया जाता है और इसके लिए विपणन विभाग को जिम्मेदारी दी जाती है कि वह पीडीएस दुकानों से बारदाना एकत्रित कर सभी समितियों में जमा कराएं और इसके एवज में 25 रुपए प्रति बारदाना के दर से शासन से मिलने वाली राशि का भुगतान करें। विपणन विभाग के द्वारा वर्ष 2024-25 की धान खरीदी में पीडीएस दुकानों से बारदाना लेकर उन्हें समितियों में भंडारित कराया था। यह कार्य उसके द्वारा सितंबर और अक्टूबर महीने में शुरु किया गया था और धान खरीदी तक भंडारण का काम चलते रहा। किंतु एक साल होने को है, 25 रुपए प्रति बारदाने की दर से किये जाने वाला भुगतान आज तक किसी भी दुकान संचालकों को नहीं किया गया है और इस वर्ष अगस्त महीने से ही पीडीएस दुकानों से बारदाने लिए जाने लगे हैं। दुकानदार पिछले वर्ष के बारदाने की राशि का भुगतान करने की मांग करने लगे हैं।

**सोनपुरी समिति से सबसे अधिक बारदानों का उठाव**

विपणन विभाग के द्वारा जिले के सहकारी समितियों से बारदानों का उठाव किया गया है। उसमें सबसे अधिक सोनपुरी सहकारी समिति है जहां से 35 हजार 881 बारदाने उठाए गए हैं। इसके अलावा लाफा पाली से 11 हजार 738, श्यांग से 13 हजार 429, मोरगा से 10 हजार 545, पोड़ी उपरोड़ा 5 हजार 935, भैसम से 6100, पसान से 53 सौ, नवापारा 6 हजार 756, जटगा से 7 हजार 362, छुरीकला से 6 हजार 700, चैतमा से 8 हजार 424, कोरकोमा से 13 हजार 565, कटघोरा से 6 हजार 579 बारदाने उठाए गए हैं।

**1 लाख 84 हजार से अधिक दिए गए थे बारदाने**

ग्रामीण अंचल में संचालित 41 सहकारी समितियों के द्वारा पीडीएस दुकानों का संचालन किया जाता है। इनके पास से पिछले वर्ष विपणन विभाग के द्वारा 1 लाख 84 हजार से अधिक बारदाने लिये गये थे। जिनका भंडारण धान खरीदने के लिए किया गया था। उसकी राशि 25 रुपए प्रति बारदाने की दर से 46 लाख रुपए होती है। उक्त राशि पीडीएस दुकानों को विपणन विभाग के द्वारा नहीं जारी की गई है। जिला सहकारी बैंक के नोडल अधिकारी ने जिला विपणन अधिकारी को पत्र लिखकर समितियों के पीडीएस दुकानों से लिए गए 1 लाख 84हजार 995 बारदानों की कुल राशि 46 लाख 24 हजार 875 रुपए की मांग की है।

## खाद्य विभाग ने मिट्टी तेल वितरण के लिए दुकानों से मांगा मांग पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मिट्टी तेल आबंटन के लिए खाद्य विभाग ने सभी सहकारी समितियों और पीडीएस दुकानों से मिट्टी तेल वितरण के लिए मांग पत्र मांगा है। बीते दो वर्ष से जिले के शहरी और ग्रामीण अंचलों में वितरण की व्यवस्था बंद थी। इस वर्ष से नए सिरे से वितरण की व्यवस्था राज्य शासन से लागू की गई है। जो सीधे दुकानों को ही आपूर्ति की जाएगी।

**खास बात**

- दो साल बाद वितरण की नई व्यवस्था हुई लागू

मिट्टी तेल वितरण के लिए अब लीड की व्यवस्था नहीं रहेगी। जिन दुकानों से मांग पत्र पहुंचेगा मिट्टी तेल सीधे उन दुकानों तक आपूर्ति कर लिया जाएगा। पूर्व में लीड कंट्रोल सिस्टम लागू था, जिससे मिट्टी तेल के लिए जिला सहकारी बैंक के माध्यम से वितरण व्यवस्था लागू थी। अब उस व्यवस्था को बदलकर सीधे दुकानों को सप्लाई कर दी जाएगी लेकिन इसके लिए पीडीएस दुकान चलाने वाले समूह और उपभोक्ता भंडार तथा सहकारी समितियों व ग्राम पंचायतों को डिमांड लेटर खाद्य विभाग को देना होगा। उस आधार पर आपूर्ति की जाएगी।

**खबर संक्षेप**

### डॉ देवेन्द्र को मिली पीएचडी की उपाधि



**कोरबा।** डॉ देवेन्द्र कुमार कश्यप जो वर्तमान में एक आयुर्वेद चिकित्सक के रूप में जिले में अपनी सेवाएं प्रदान करते आ रहे है। जिनका मूल निवास नवागांव कटघोरा और वर्तमान निवास पकरिया है। डॉ देवेन्द्र कुमार कश्यप का स्नातक डिग्री बी.ए.एम.एस (आयुर्वेद) और स्नोत्तर डिग्री एम.बी.ए (हास्पिटल मेनेजमेंट) विषय पर है। डॉ देवेन्द्र कुमार कश्यप जो कि वर्ष 2020 से ओपीजेएस विश्वविद्यालय राजस्थान के अन्तर्गत स्वास्थ्य प्रबंधन संकाय शोध विषय में डॉक्टर आफ फिलासफी की उपाधि से वर्ष 2024 में विभूषित किया गया और 7 अगस्त को पी.एच.डी की उपाधि प्राप्त कर इस जिले को गौरवान्वित किया गया। पीएचडी की उपाधि अर्जित करने में इनके शोध पर्यवेक्षक डॉ. जी.एस परमार एवं डॉ कश्यप के पिता कृष्ण चन्द्र कश्यप, माता श्रीमती रमशिल्या कश्यप और उनके अन्य चिकित्सक साथीयों का विशेष महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

## जादू-टोना का आरोप लगाकर मारपीट करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पसान थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुरथा निवासी मनोज कुमार धनवार उम्र 45 वर्ष पिता लाल धनवार ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि आरोपी ग्राम कुरथा निवासी जितेंद्र सारथी उम्र 35 वर्ष पिता रमाशंकर सारथी के द्वारा तुम जादू टोना करते हो कहकर मारपीट करने की धमकी दिया है। पुलिस ने मनोज कुमार की रिपोर्ट पर


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

जितेंद्र के विरुद्ध धारा 4 टोनही प्रताड़ना अधिनियम 2005 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

### सर्पदंश से महिला की मौत

**कोरबा।** बीती रात को घर में सो रही एक 38 वर्षीय विवाहित महिला को किसी जहरीले सर्प ने डस लिया। जब परिजनों को पता चला तो उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है। मामला हरदीबाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिरली की है। यहां निवासरत दशमत बाई उम्र 38 वर्ष पति भगवान दास शनिवार की रात खाना खाकर अपने घर पर सोई हुई थी। इसी दौरान देर रात लगभग 2:30 बजे किसी जहरीले सर्प ने उसे डस लिया। जब परिजनों को पता चला तो उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है।






## खबर संक्षेप

### व्यापारी से 4 लाख 60 हजार की ठगी

**बिलासपुर।** शहर के व्यापारी से गोपनीय जानकारी लेकर 4 लाख 60 हजार रुपए की आनलाइन ठगी कर ली गई है।



सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, सरकण्डा तिर्थानी गली निवासी कन्हैया लाल वाधवानी 63 साल मंगला चौक में किराना दुकान में व्यावसाय कर रहे थे। इसी दौरान उनके पास अनजान मोबाइल नम्बर से फोनकर अपने आपको बैंककर्मी बताकर एटीएम एप्लाई किए हो नेट बैंकिंग भी चाहिए क्या ? पूछते हुए गोपनीय जानकारी लेकर उनके बैंक खाते से 4 लाख 60 हजार रुपए ट्रांसफर कर लिया गया है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात मोबाइल धारक के खिलाफ बीएनएस की धारा 318 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### नशा रोकने चलाया गया जागरूकता अभियान

**बिलासपुर।** रेलवे स्टेशन बिलासपुर में जीआरपी की टीम ने नशे से होने वाले दुष्प्रभाव के संबंध में जागरूकता अभियान चलाया। जीआरपी के अनुसार केन्द्रीय गृह मंत्रालय के आदेश पर सभी स्टेशनों की तरह बिलासपुर जोनल स्टेशन में जीआरपी थाना प्रभारी डीएन श्रीवास्तव और आरपीएफ प्रभारी राजेश वर्मा के नेतृत्व में ड्रग्स जागरूकता अभियान चलायागया। इस दौरान प्लेटफार्म, यात्री प्रतिक्षालय, यात्री ट्रेनों, भीड़ भाड़ वाले सार्वजनिक स्थान में नशे से होने वाले दुष्प्रभाव एवं बचाव के संबंध में नागरिकों, रेल यात्रियों, महिलाओं, बुजुर्गो, बच्चों, कुली, वेंडरों को बैनर पोस्टर के माध्यम से प्लेटफार्म पर रैली निकालकर प्रचार प्रसार करते हुए समझाइश भी दी गई।

### बिजुरी नगर पंचायत का फाटक स्थायी रूप से बंद

**बिलासपुर।** रेल प्रशासन सड़क उपयोगकर्ताओं की बेहतर सुरक्षा एवं संरक्षा सुनिश्चित करने समपार फाटकों में रोड ओवरब्रिज, अंडरपास का निर्माण करने के साथ वैकल्पिक सड़क मार्ग की व्यवस्था करने के बाद बंद कर रही है। इसके तहत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर डिवीजन के बिजुरी से बोरीडांड स्टेशन के बीच मानव सहित समपार बिजुरी नगर पंचायत फाटक को सुरक्षागत कारणों से सड़क यातायात के लिए स्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। फाटक बंद होने के बाद यातायात के लिए वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था रोड ओवरब्रिज से कर दी गई है।

**अव्यवस्था** सांई मंदिर कार्यालय से लेकर स्टेशन बिल्डिंग तक जगह-जगह गड्ढे से परेशान हो रहे हैं यात्री

# स्टेशन डेवलपमेंट के लिए 400 करोड़ और जर्जर सड़क के लिए फंड नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जोनल रेलवे स्टेशन बिलासपुर को डेवलपमेंट के लिए 400 करोड़ रुपए का फंड दे दिया गया है, लेकिन सांई मंदिर से लेकर स्टेशन बिल्डिंग तक की जर्जर सड़क को मरम्मत करने के लिए राशि उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। 100 मीटर की सड़क पर कदम-कदम पर गड्ढे. होने के कारण लोग प्रतिदिन परेशान हो रहे हैं।

बिलासपुर रेलवे स्टेशन को 400 करोड़ रुपए की लागत एयरपोर्ट की तरह बनाने से पहले जोन और डिवीजन के अधिकारियों ने सर्वे किया था। इस सर्वे में स्टेशन की पुरानी बिल्डिंग यानि गेट नम्बर 4 से लेकर गेट नम्बर तीन और जनआहार तक के हिस्से को डिस्मेंटल करने के अलावा प्लेटफार्म नम्बर 7-8 से खत्म होने वाले रेल लाइन को बढ़ाने की योजना भी बनाई गई थी। इस योजना में बिलासपुर स्टेशन की ओर आने-जाने वाली सड़क को भी शामिल किया गया था। जोनल रेलवे स्टेशन बिलासपुर में प्रतिदिन 25 हजार से अधिक यात्री आना-जाना करते हैं। स्टेशन आने-जाने के लिए महाराणा प्रताप चौक से व्यापार विहार, तारबहार, रेलवे कालोनी से सोलापुरी माता मंदिर चौक होते हुए, सीएमडी चौक से तारबहार चौक होकर गिरजा चौक और दयालबंद जगमल चौक से लेकर तितली चौक होते हुए, एक सड़क हेमू नगर, राजकिशोर नगर से तोरवा चौक होकर बुधवारी बाजार होते हुए बनाई गई है। इन सभी रास्तों का विशेष सर्वे अधिकारियों ने करते हुए चौड़ीकरण और उसका जीर्णोद्धार करने का निर्णय लिया था। स्टेशन तक पहुंचने वाली एक सड़क तितली चौक से स्टेशन गेट तक को छोड़कर दूसरे रास्तों की स्थिति ऐसी हो गई है कि कदम-कदम पर गड्ढे. होने के कारण सबसे अधिक परेशानी रात में आने-जाने वाले लोगों को होती है। इससे बुरा हाल बिलासपुर स्टेशन के पास की सड़क का हो चुका है। सांई मंदिर, पार्सल कार्यालय यह दोनों स्टेशन परिक्षेत्र के अंदर ही आते हैं, लेकिन यहां से लेकर स्टेशन तक की केवल 100 मीटर की सड़क की हालत इतनी खराब हो गई है कि बड़े-बड़े गड्ढों में बारिश के समय पानी भरने से एक्सीडेंट होने का खतरा रहता है। 400 करोड़ रुपए के फंड रेल प्रशासन ने स्टेशन के विकास करने में लगा दिया है, लेकिन पब्लिक को जिस सड़क की आवश्यकता है उसे ठीक करने के लिए फंड की व्यवस्था नहीं कर पा रहा है।



रेलवे स्टेशन क्षेत्र की जर्जर सड़क।

### स्टेशन का भी हाल बुरा

सड़क की हालत तो जर्जर हो चुकी है। इसके साथ ही बिलासपुर रेलवे स्टेशन का हाल काफी बुरा हो गया है। गेट नम्बर चार से लेकर जनआहार के बाहरी हिस्से तक चारों ओर शेड लगा दिया गया है, जिसके कारण आने-जाने वाले यात्रियों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जगह-जगह मलबे और काम की वजह से यात्रियों को गेट नम्बर चार तक पहुंचने में 100 मीटर की अधिक दूरी नापनी पड़ रही है।

### दूर की जाएगी समस्या

बिलासपुर रेलवे स्टेशन को रिडेवलपमेंट करने का काम किया जा रहा है। इसमें सड़क का भी काम किया जाना है। अगर सड़क खराब होने से लोगों को परेशानी हो रही है तो इसकी जानकारी सक्षम अधिकारी को दी जाएगी, ताकि पब्लिक की समस्या दूर की जा सके।

**-अनुराग कुमार सिंह,** सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

8 माह 105 चाकूबाजों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

# चाकूबाजों को पकड़कर कार्रवाई करने में बिलासपुर पुलिस रेंज में नम्बर वन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिस तरह से चाकूबाजी की वारदात बढ़ रही है। उसी अंदाज में एसएसपी की टीम चाकूबाजों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई करने में लगी हुई है। विगत 8 माह में 105 चाकूबाजों को पकड़कर जेल भेजा गया है जो कि बिलासपुर रेंज में सर्वाधिक कार्रवाई है। प्रतिदिन गुण्डा बदमाश व चाकूबाजों की कार्रवाई जारी है।

एसएसपी रजनेश सिंह ने चाकूबाजी की वारदात को गंभीरता से लेते हुए राजपत्रित अधिकारी व थानेदारों को चाकूबाजों पर सख्ती व गंभीर धाराओं पर कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है। उनके निर्देश पर उनकी टीम लगातार चाकूबाजों पर कार्रवाई करने में लगी हुई है। पुलिस आंकड़े के अनुसार बीते 8 माह 105 चाकूबाजों, 26 तलवारबाजों, 1 कट्टा, 4 रिवाल्वर रखने वालों को पकड़कर जेल भेजा गया है। इसी तरह वर्ष 2024 में 47 चाकूबाजों, 30 तलवारबाजों 2 कट्टा, 4 रिवाल्वर रखकर अशांति फैलाने वालों को जेल भेजा गया था। वर्ष 2023 में 28 चाकूबाजों 27 तलवार, 1 कट्टा, 2 रिवाल्वर रखने वालों को पकड़कर जेल भेजा गया था। यह कार्रवाई बिलासपुर रेंज में नम्बर 1 है।

### सिरगिट्टी, तारबाहर, सरकण्डा में पकड़े गए 10

सिविल लाइन सीएसपी निमितेश सिंह परिहार के नेतृत्व में सिरगिट्टी टीआई किशोर केंवट ने क्षेत्र में दबिश देकर प्रदीप रजक उर्फ पिंटू पिता स्व. केशव प्रसाद 34 साल बछेरा तालाब तिफरा, संदीप रजक पिता स्व. केशव प्रसाद 34 साल बछेरा तालाब तिफरा, शंकर रजक पिता राजा पिता मनीराम रजक 19 साल मन्नाडोल, संदीप साहू पिता द्वारिका प्रसाद 26 साल तिफरा निवासी को पकड़कर 4 चाकू बरामद किया है। इसी तरह तारबाहर पुलिस ने आयुष गुप्ता पिता मंगेश गुप्ता 23 साल चांटापारा, राजा उर्फ प्रशांत श्रीवास पिता राजेश श्रीवास 20 साल कतियापारा निवासी को पकड़कर 3 नग चाकू बरामद किया है। सरकण्डा पुलिस ने अमरजीत रात्रे उर्फ भोला पिता धनउ रात्रे 21 साल चिल्हाटी, त्रिदेव केंवट पिता रामखिलावन 22 साल चिल्हाटी निवासी को पकड़कर 2 नग तलवार बरामद किया है। पुलिस ने 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया है।



हथियार के साथ गिरफ्तार आरोपियों को ले जाती मोपका चौकी पुलिस।



तारबाहर में अवैध हथियार के साथ पकड़े गए आरोपी।



सिविल लाइन क्षेत्र में गिरफ्तार आरोपी।

### चाकू के साथ पकड़ा गया युवक

16 अगस्त को तारबाहर टीआई कृष्णचंद्र सिदार स्टाफ के साथ पुराना बस स्टैण्ड में वाहन चेकिंग अभियान चला रहे थे। जांच के दौरान करबला यश पैलेष निवासी राजू साहू पिता राम भरोसा साहू 21 साल को पकड़कर तलाशी तो बटनदार चाकू मिला। पुलिस ने 25 आर्म्स एक्ट के तहत उसे गिरफ्तार कर लिया है। एसएसपी रजनेश सिंह ने कार्रवाई में सूझबूझ एवं कर्तव्यनिष्ठा के लिए टीआई श्री सिदार को 500 रुपए नकद पुरस्कार से पुरस्कृत किया है।

### मोपका पुलिस की कार्रवाई

मोपका चौकी प्रभारी भावेश सेंडे ने विशेष अभियान चलाकर चिल्हाटी से छोटू उर्फ त्रिदेव केंवट को चापड़, भोला उर्फ अमरजीत रात्रे को तलवार, चांटीडीह गायत्री मंदिर के पास से अजहर खान को चाकू लहराते पकड़ा गया है। अलग अलग जगहों पर झुंड बनाकर उपद्रव मचाते हुए दीपक कहार, रवि केंवट, मोहन सूर्यवंशी, करन सूर्यवंशी, राजा रजक, अंकित गंधर्व, दुर्गेश यादव, निखिल चौरसिया, जीवन निषाद को पकड़कर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई।

### कुदूदण्ड में 6 युवक गिरफ्तार

सिविल लाइन सीएसपी श्री परिहार ने बताया, 15 अगस्त को सड़क में वेशी बैठने की बात को लेकर कुछ युवकों ने आपस में जमकर विवाद किया और एक बुजुर्ग व्यक्ति के साथ मारपीट की गई। पुलिस ने हमलावर कुदूदण्ड चांदनी चौक निवासी शनि यादव, अवि यादव, वैभव होलकर, नवीन तिवारी, आकास राव, सुजल श्रीवास को गिरफ्तार कर लिया है।

### की जाएगी सख्ती से कार्रवाई

चाकूबाजी करने वालों पर नए कानून बीएनएस की धाराओं के तहत कार्रवाई कर ज्यादा से ज्यादा अर्थदण्ड दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। किसी भी हाल में चाकूबाजी, गुण्डागर्दी करने वालों को नहीं बख्शा जाएगा।

**-रजनेश सिंह**, एसएसपी

गंभीर अवस्था बालक का सिम्स में चल रहा इलाज



## 9 साल के बालक का गला रेता, चाकू से 12 जगहों पर किया वार

■ आरोपी की बाइक जब्त


**बिलासपुर।** रिश्ते के मामा ने घर से घुमाने ले जाकर 9 साल के बालक का चाकू से गला रेता, फिर उसके शरीर के अलग अलग जगहों पर 12 वार कर जान से मारने की कोशिश की। लोगों के आने पर हमलावर अपनी बाइक छोड़कर रेलवे लाइन के किनारे से भाग निकला। गंभीर रूप से घायल बालक का सिम्स में इलाज चल रहा है। पुलिस बाइक जब्त कर फरार आरोपी के तलाश कर रही है।

मस्तूरी टीआई हरीशचंद्र टाण्डेकर ने बताया, लिमतरा निवासी सूर्यांश बरगाह पिता महेश बरगाह 9 साल 17 अगस्त की शाम घर के पास खेल रहा था। इसी दौरान रिश्ते का मामा अपनी बाइक क्रमांक सीजी 10 बीएम, 0506 में आया और सूर्यांश को घूमने जाने कहा। वह सूर्यांश बाइक में बैठकर घुमाने ले गया। शाम 6 बजे लिमतरा पुल पर बाइक रोककर उसने चाकू से सूर्यांश का गला रेता फिर शरीर के अलग अलग जगहों पर 12 वार किया, जिससे सूर्यांश खून से लथपथ होकर बदहवास होकर गिर गया। इसी दौरान लोगों को आते देख बालक को मृत मानकर आरोपी आनन फानन में अपनी बाइक छोड़कर रेलवे लाइन के किनारे से भाग गया। लोगों की सूचना पर डायल 112 मौके पर पहुंच गई। परिजन को बुलाने के बाद डायल 112 से गंभीर रूप से घायल बालक को सिम्स में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस मौके से बाइक जब्त कर आरोपी की सरगर्मी से तलाश में जुट गई है।

## मलखंभ प्रतियोगिता देखने गए निगम अधिकारियों से मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कृष्ण जन्माष्टमी में मलखंभ प्रतियोगिता देखने गए नगर निगम के अधिकारियों को लोगों ने जमकर हाथ मुक्का, बेल्ट से मारपीट कर दी है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।



■ चिंगराजपारा चौक के पास हुई वारदात

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, लिंगियाडीह सूर्या विहार निवासी नगर पालिका निगम जोन क्रमांक 7 के उप अभियंता आशीष पाण्डेय पिता स्व. बलदाऊ प्रसाद पाण्डेय 16 अगस्त को अपने साथी हरीश शास्त्री, राजकुमार मेश्राम, रोशन कश्यप, विजय सिदार, विनस खैरवार के साथ रात 9.30 बजे चिंगराजपारा चौक के पास जन्माष्टमी मलखंभ प्रतियोगिता देखने गए थे। समाप्त होने के बाद रात 11.45 बजे चिंगराजपारा निवासी दुर्गेश यादव, अपने अन्य साथियों के साथ दूसरे मोहल्ले से क्यों आए हो कहकर वाद विवाद कर गाली गलौज जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का बेल्ट पत्थर से जमकर मारपीट की गइ है।

मारपीट के दौरान के दौरान श्री पाण्डेय के गले से सोने की चेन, ब्रेसलेट कहीं गिर गई है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर दुर्गेश यादव व अन्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, , 5, 351 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

## बिना अनुमति के कानफोडू आवाज में गाना बजाते 4 डीजे वाहन जब्त




हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कृष्ण जन्माष्टमी में बिना अनुमति के कानफोड़ आवाज में गाना बजाने वाले 4 डीजे वाहनों को पुलिस ने जब्त कर कोलाहल अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।

17 अगस्ता को कृष्ण जन्माष्टमी में मटकी फोड़ने के लिए बिना अनुमति के डीजे लगाकर तेज आवाज में गाना बजाया जा रहा था। जिससे आसपास के लोगों को परेशानी हो रही थी। सूचना पर कोतवाली पुलिस ने तेलीपारा व टिकरापारा रोड़ में दबिश देकर दो डीजे वाहनों को जब्त कर लिया है। इसी तरह 16 अगस्त को तोरवा पुलिस ने देवरीखुर्द से व सिविल लाइन पुलिस ने डीजे वाहन जब्त कर लिया है। संचालकों के खिलाफ कोलाहल अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। हाईकोर्ट के निर्देश के बाद भी क्षमता से अधिक स्पीकर लगाकर तेज आवाज में आना बजाया जा रहा है। जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## छत्तीसगढ़ का प्लेटफार्म बदला, यात्री हलाकान

**बिलासपुर।** जोनल रेलवे स्टेशन बिलासपुर से जिस छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस को प्लेटफार्म नम्बर दो से रायपुर और अमृतसर की ओर रवाना किया जाता था, वही अब यह ट्रेन प्लेटफार्म नम्बर 4-5 से छोड़ी जा रही है। इसके कारण ट्रेन में सफर करने वाले हजारों की संख्या में यात्रियों को परेशान होना पड़ रहा है।

गेवरारोड से बिलासपुर होकर रायपुर, नागपुर होते हुए अमृतसर जाने वाली छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस को प्लेटफार्म नम्बर 2-3 में दिया जाता था। रेल प्रशासन ने प्लेटफार्म नम्बर एक में यात्री ट्रेनों को करीब-करीब बंद कर दिया है, इसी तरह अब छत्तीसगढ़ के प्लेटफार्म को भी चेंज करते हुए 4-5 से रवाना किया जा रहा है। पूर्व में यात्रियों के लिए सारी सुविधा प्लेटफार्म नम्बर एक पर ही उपलब्ध हो जाती थी। गेट के सामने पार्किंग में अपने वाहनों को खडे करने के बाद यात्री आराम से ट्रेन पकड़ने के लिए अंदर जाते थे। वर्तमान में स्टेशन डेवलपमेंट के कार्य में पार्किंग को करीब 300 मीटर दूर कर दिया गया है। इसकी वजह से यात्री अपने वाहनों को पार्किंग करने के बाद पैदल चलकर पहले गेट नम्बर एक तक पहुंचते हैं।

## 5 शराब तस्कर जेल गए, 58 लीटर शराब जब्त

**बिलासपुर।** कलेक्टर बिलासपुर के निर्देश तथा प्रभारी सहायक आयुक्त आबकारी जिला बिलासपुर के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न आबकारी वृत्त प्रभारियों द्वारा अपने क्षेत्रों में रविवार के दिन लगभग 58 लीटर शराब जब्त कर 5 लोगों को जेल दाखिल किया है।

आबकारी वृत्त कोटा एवं तखतपुर के प्रभारियों नं सोनबंधा से सेवक अनंत एवं गौतम बंजारे से 10-10 लीटर महुआ शराब, सीपत वृत्त प्रभारी द्वारा अमित उईके (बसहा) से 12 लीटर तथा पुरुषोत्तम राज (उच्चभिट्टी)से 16 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया है। मस्तूरी वृत्त प्रभारी द्वारा सुकुलकारी से तिलक महिलांगे से 9.5 लीटर शराब जब्त कर सभी आरोपियों के विरुद्ध गैर जमानती प्रकरण कायम किया है। सूरज कुमार लोनिया गुटकू (तखतपुर) से 9 लीटर, शेख यासीम डीपूपारा (तारबाहर) से 8.28 लीटर, महेंद्र कुमार रात्रे लोकबंद (कोटा) से 10 लीटर, राहुल केवट सेलर (सीपत) से 9.5 लीटर, सुरेश मरावी पोंडी (सिरगिट्टी) से 30 लीटर एवं 105 कि ग्रा लहान, भीरगू कोसमडीह(मस्तूरी) से 7.5 लीटर तथा पुष्पा वर्मा गनियारी से 29 लीटर महुआ शराब जब्त कर अब तक कुल 12 आरोपियों को जेल दाखिल किया जा चुका है। आज की कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक धर्मेंद्र शुक्ला, ऐश्वर्या मिंज, भूपेंद्र जामडे, बोधसाय राठिया, दिनेश ध्रुव, वेद प्रकाश नेताम और पोखराज शांडिल्य शामिल रहे।

## घर से बाहर निकले वृद्ध को हाथी ने कुचल कर मार डाला, पत्नी ने भागकर बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बतौली/सेदम

दल से अलग होकर अकेले घूम रहे हाथी बीती रात बतौली क्षेत्र के ग्राम पंचायत टीरंग के कोरकोट पारा में पहुंच गया। अचानक हाथी के गांव में आ जाने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल निर्मित हो गया। इधर गांव विचरण करने रहे हाथी ने जंगल के समीप एक घर को तोड़ने लगा। घर को क्षतिग्रस्त करने की आवाज आने पर जब वृद्ध बाहर निकला तो हाथी ने हमला कर उसे कुचल कर मार डाला। घटना को देख पत्नी किसी तरह भागकर जान बचाई। आज घटना की जानकारी लगने पर वन अमले की टीम ने मृतक के परिजन को सहायता राशि उपलब्ध कराई।

जिले के बतौली, लुण्ड्रा सहित जशपुर सरहद पर हाथी का विचरण लगातार जारी है। शनिवार रात लुण्ड्रा वन परिक्षेत्र में दल से अलग होकर अकेला घूम रहा हाथी बतौली वन परिक्षेत्र में पहुंच गया। रात में हाथी ग्राम पंचायत टीरंग के कोरकोट पारा में जंगल किनारे घर बनाकर रह रहे ढेचकू पैकरा आ. रनसाय (65 वर्ष) के घर को तोड़ने लगा। घर को तोड़ने की आवाज सुनकर ढेचकू पैकरा घर से बाहर निकला तो हाथी को देख उसके होश उड़ गए। ग्रामीण हाथी से बचकर भाग पाता इससे पहले ही हाथी ने हमला कर उसे पटक कर मार डाला। जबकि पत्नी सुलरिया पैंकरा किसी तरह हाथी से बचकर बस्ती की ओर भाग अपनी जान बचाई और घटना की जानकारी ग्रामीणों को दी। ग्रामीणों द्वारा पटाखा फोड़ने तथा शोर मचाकर हाथी को जंगल की ओर खदेड़ा तब तक वृद्ध की घटना स्थल पर ही मौत हो चुकी थी।



### उपलब्ध कराई गई सहायता राशि

पीड़ित परिवार को 25 हजार की सहायता राशि उपलब्ध कराई गई है उन्हें 5 लाख 75 हजार की राशि और दी जाएगी। हाथी पर लगातार नजर रखी जा रही है और लोगों को सतर्क भी किया जा रहा है।

**-विजय तिवारी**, रेंजर

## 175 नग नशीले इंजेक्शन के साथ पकड़ा गया युवक, गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

लखनपुर क्षेत्र में गश्त कर रहे संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब टीम ने न सिर्फ नशीले इंजेक्शन के मुख्य कारोबारी को गिरफ्तार किया बल्कि उसके पास से छिपा कर रखे भारी मात्रा में नशीला इंजेक्शन बरामद किया। आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता के नेतृत्व में नशीले इंजेक्शन के कारोबारियों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई कर रही है। बीती रात लखनपुर क्षेत्र में गश्त करने के दौरान सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता को मुखबिर से सूचना मिली कि थाना लखनपुर अंतर्गत जमगला निवासी प्रीतम कुमार रवि भारी मात्रा में नशीला इंजेक्शन लाकर घर से बेच रहा है। सूचना पर उड़नदस्ता टीम ने जमगला तालापारा निवासी प्रीतम कुमार रवि के घर दबिश दी और उसके घर की तलाशी लेने पर एक अल्मुनियम के बड़े ट्रक के अंदर गर्म कपड़े के बीच थैले में छुपा कर रखे 175 नग नशीला इंजेक्शन बरामद किया। संभागीय उड़नदस्ता की टीम ने आरोपी के एनडीपीएस एक्ट की धारा 22 सी के तहत अपराध दर्ज कर आज न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता द्वारा की गई, साथ में जिले के आबकारी उप निरीक्षक आकाश साहू भी उपस्थित रहे। कार्रवाई में मुख्य आरक्षक रमेश दुबे, अशोक सोनी, नगर सैनिक रणविजय सिंह एवं महिला सैनिक राजकुमारी सिंह सक्रिय रही।



सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने बताया कि सरगुजा, बलरामपुर और सूरजपुर जिले के लगभग 15 छोटे बड़े इंजेक्शन, कफ सिरप, टैबलेट विक्रेताओं को जेल डालने के कारण इन नशीले पदार्थों की कीमत में वृद्धि हो गई है। अब बेचने वाले कम लोग रह गए हैं, जिसके कारण 250 रुपए में बिकने वाला नशीला इंजेक्शन आज 1 हजार रुपए में बिक रहा है। अब दो-चार लोग ही बचे हैं जिनको जेल में डालने से काफी हद तक नशीले पदार्थों की बिक्री में कमी आएगी।


## खबर संक्षेप

### उद्योग मंत्री आज करेंगे विकास कार्यों की समीक्षा



**कोरबा।** वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन 18 अगस्त को जिला पंचायत कोरबा सभागृह में सुबह 11.30 बजे नगर के विभिन्न विकास कार्यों और शासकीय योजनाओं की समीक्षा बैठक लेंगे। जारी प्रोटोकॉल के मुताबिक मंत्री देवांगन प्रातः 11.15 बजे चारपारा कोहड़िया से जिला पंचायत सभागृह के लिए रवाना होंगे। शाम 4.30 बजे रूमगड़ा निवासी कृष्ण कुमार परिवार के दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने के पश्चात रायपुर के लिए रवाना होंगे।

### शुल्क वापस लेने कांग्रेस शहर अध्यक्ष ने सीएम को लिखा पत्र



**कोरबा।** अशोक वाटिका को निजी हाथों में दिए जाने पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नत्थूलाल यादव ने आपत्ति जताते हुए कहा है कि केवल मौखिक तौर पर शुल्क वापस लेने का दिखावा किया जा रहा है। यह सभी जानते हैं कि निविदा जारी कर अशोक वाटिका के संचालन की जवाबदारी ठेकेदारों को सौंपा गया है। ऐसे में मौखिक आदेश से इस पर रोक नहीं लगाई जा सकती। यदि मंत्री श्री देवांगन जनता के हितचिंतक हैं तो लिखित आदेश जारी कर निविदा निरस्त कराएं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को लिखे पत्र में श्री यादव ने कहा है कि अशोक वाटिका के लिए निगम एक निर्माण एजेंसी रही है और उसके विकास का कार्य पूरा होने के बाद इसकी नीलामी का षडयंत्र रचा गया था। श्री यादव ने कहा है कि महापौर संजू देवी ने कार्यभार सम्हालते ही सबसे पहला काम अप्पू गार्डन को नीलाम करने का किया। उनका पहला हस्ताक्षर जन विरोधी रहा और यह प्रक्रिया निरंतर जारी है।

### बांकी पालिका अध्यक्ष ने लेंस जोन का किया शुभारंभ



**कोरबा।** बांकीमोंगरा शनिवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर जिले के बांकीमोंगरा में श्रीराम मंदिर के सामने लेंस जोन का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा अध्यक्ष श्रीमती सोनी कुमारी झा, प्रदेश कोषाध्यक्ष भाजयुमो छत्तीसगढ़ विकास झा सहित अन्य की मौजूदगी में फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान भाजपा बांकीमोंगरा मंडल अध्यक्ष उदय शर्मा, पूर्व मंडल महामंत्री अश्वनी साहू, पार्षद प्रमोद सोना, लक्ष्मीचंद अग्रवाल युवा मोर्चा युवा नेता प्रकाश झा, प्रमोद खांडे, निखिल सिंगोटिया, बाबू राव, अनूपम दास, मीडिया प्रभारी विकास सोनी सहित दुकान संचालक व कर्मचारी एवं ग्राहक शामिल हुए।

### फरार 16 वारंटियों को पुलिस ने किया गिरफ़्तार

**कोरबा।** पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने जिले के सभी थाना व चौकी से संबंधित वारंटी तथा फरार वारंटियों को गिरफ्तार करने के लिए आदेश जारी किया था। इसी कड़ी में 16 वारंट तामील किए गए, जिनमें 1 स्थायी गिरफ्तारी वारंट शामिल है। यह कार्रवाई ठीक 2 दिन पहले किए गए 87 गिरफ्तारियों के बाद की गई है जिससे इस अभियान में अब तक कुल 103 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। यह अभियान विशेष रूप से लंबे समय से फरार चल रहे अपराधियों के विरुद्ध केंद्रित है। पुलिस टीमों ने जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में चलाए गए इस विशेष अभियान के तहत समन्वित कार्यवाही करते हुए इन वारंटों को तामील किया है।

### एनएचएम कर्मचारी आज से हड़ताल पर, आपातकालीन सेवाएं रहेगी बंद

**कोरबा।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के कर्मचारी 18 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे। शनिवार को इस आशय की चेतावनी जारी की गई। साथ ही अनिश्चितकालीन हड़ताल की सूचना कलेक्टर, सीएमएचओ और बीएमओ दे दी है। ज्ञात हो कि एनएचएम कर्मचारियों ने अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर राज्य सरकार को 15 अगस्त तक अल्टीमेटम दिया था। उनकी मांगों पर कोई निर्णय नहीं हुआ, जिसके चलते उन्होंने अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है। एमएचएम कर्मचारियों के हड़ताल से स्वास्थ्य व्यवस्था लड़खड़ाने की संभावना है। इस बार संघ ने एसएनसीयू में विशेष नवजात शिशु देखभाल इकाई सहित सभी आपातकालीन सेवाएं बंद रखने का फैसला लिया है।

## सिविल लाइन थाना क्षेत्र के आरपी नगर की घटना

# सूने मकान में चोरों का धावा, कार सहित अन्य सामानों की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



घटनास्थल पर जांच करती पुलिस।

निजी महाविद्यालय में सेवानिवृत्त हुए स्पोर्ट्स ऑफिसर किसी काम से बेंगलुरु गए हुए हैं। इस दौरान उसके मकान में ताला बंद था और सूनेपन का फायदा उठाते हुए अज्ञात चोरों ने बीती रात को मकान का ताला तोड़कर घर में रखे सामान सहित घर के बाहर खड़े बलेनो कार की चोरी कर ली। जब सुबह इसकी सूचना पड़ोसियों को मिली तो उन्होंने तत्काल इसकी सूचना पुलिस और बेंगलुरु में मौजूद स्पोर्ट्स ऑफिसर को दी जिसके बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और पुलिस की टीम ने मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत डॉ राजेंद्र प्रसाद नगर फेस-2 के मकान नंबर एमआईजी 53 में एसके शर्मा अपने परिवार के साथ निवास करते हैं। श्री शर्मा कमला नेहरू महाविद्यालय में स्पोर्ट्स ऑफिसर के पद पर पदस्थ थे जो वहां से सेवानिवृत हो चुके हैं। बताया जाता है कि श्री शर्मा विगत दिनों किसी काम से सपरिवार बेंगलुरु गए हुए थे। इस दौरान उनके घर में ताला बंद था और सूनेपन का फायदा उठाते हुए अज्ञात चोरों ने बीती रात को उनके मकान का ताला तोड़कर घर के भीतर प्रवेश किया और पूरे घरों के कमरों का ताला तोड़ दिया और घर के सभी कमरों की तलाशी ली। हालांकि घर में कुछ सोने चांदी के ठोस सामान तो नहीं मिले लेकिन घर के भीतर कुछ चिल्लर पैसे व अन्य समान मिले और घर के भीतर रखे कार की चाबी को जब चोरों के हाथ लगी तो चोरों ने उनकी बलेनो कार क्रमांक सीजी 12 बीजी 5810 को लेकर फरार हो गए। जब सुबह पड़ोसियों की नींद खुली तो उन्होंने देखा कि श्री शर्मा के मकान का ताला टूटा हुआ है जिसके बाद उन्होंने तत्काल इसकी सूचना श्री शर्मा को दी। श्री शर्मा ने अपने पड़ोसियों रिश्तेदारों की मदद से चोरी होने की सूचना सिविल लाइन पुलिस को दी। चोरी की सूचना पाते ही सिविल लाइन पुलिस की टीम मौके पर पहुंची जहां मामले में पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरा की सघन जांच की। जांच के दौरान कुछ सीसीटीवी फुटेज पुलिस को प्राप्त हुआ जिसके आधार पर पुलिस की टीम मामले की तहकीकात में जुटी हुई है।

### मकान मालिक बरतते हैं लापरवाही

सिविल लाइन थाना क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों के दौरान चोरी की लगातार घटनाएं सामने आ रही है। मकान मालिक को पुलिस लगातार हिदायत देती है कि मकान को सूना ना छोड़े और अपने पड़ोसी व रिश्तेदारों को घरों में सोने के लिए बोले लेकिन इसके बाद भी लोग अपनी हरकतों से बाज नहीं आते हैं और किसी त्योहार में घरों में ताला लगाकर बाहर चले जाते हैं और चोर सूने मकान की रेकी करते हैं। जब उन्हें मकान सूना और ताला बंद नजर आता है जिसका वे बखूबी फायदा उठाते हैं और लगातार ऐसे ही मकान को निशाना बनाते हैं। पिछले कुछ दिनों के दौरान सिविल लाइन थाना क्षेत्र के कई मकानों में इस तरह की घटना सामने आई है।

### चोरी गई कार को पुलिस ने किया बरामद

बताया जाता है कि कमला नेहरू महाविद्यालय से सेवानिवृत हुए सुरेश शर्मा के मकान में चोरी की घटना को पुलिस ने सुलझा लिया है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर शातिर चोरों को धरदबोचा है और उनके कब्जे से बलेनो कार को भी बरामद कर लिया है। फिलहाल इस ग्रुप में शामिल कुछ अन्य लोगों की पुलिस सरगर्मी से खोजबीन कर रही है। संभावना जताई जा रही है कि पुलिस इस पूरे मामले को जल्द सुलझा लेगी और इसके बाद पुलिस सोमवार को इस पूरे मामले का खुलासा कर सकती है। बताया जाता है कि आसपास क्षेत्र में रहने वाले कुछ स्थानीय लोगों ने ही इस कारनामे को अंजाम दिया था। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने इस मामले को लगभग सुलझा लिया है।

# सब्जी के कैरेट में शराब बेचने वाले तस्कर को पुलिस ने किया गिरफ्तार



आरोपी से जप्त कैरेट में भरी शराब।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शराब का अवैध कारोबार करने वाला एक युवक इतना शातिर था कि उसने खदान क्षेत्र में शराबियों को शराब पहुंचाने के लिए और पुलिस को चकमा देने के लिए उसने सब्जी का कैरेट में सब्जी के बदले शराब की बोतल में भरकर शराब बेचने का बड़ा धंधा संचालित कर रहा था लेकिन कहते हैं ना कि पुलिस के हाथ बहुत लंबे होते हैं। पुलिस ने आखिरकार शराब का इस अवैध कारोबार करने वाले बदमाश को धरदबोचा है। पकड़े गए आरोपी के कब्जे से पुलिस ने कुल 29 पाव देसी शराब जब कर उसे गिरफ्तार का न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर जिला पुलिस द्वारा अवैध शराब के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है और लगातार ताबड़तोड़ जिला पुलिस की टीम कार्रवाई कर रही है। इस कड़ी में दीपका थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू को मुखबिर से सूचना मिली कि सुभाष नगर दीपका निवासी मनोज पांडे नामक युवक रोज देसी शराब की भट्टी जाकर बड़े पैमाने पर शराब की खरीदारी करता है और उसे सब्जी के कैरेट में भरकर उसे खदान क्षेत्र में घूम-घूम कर बेचने का अवैध कारोबार करता है। जैसे ही इसकी सूचना श्री साहू को मिली उसने मनोज पांडे की धरपकड़ के लिए तत्काल अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मनोज पांडे को शराब बेचते हुए रंगेहाथों धरदबोचा। पकड़े गए आरोपी के कब्जे से पुलिस ने कुल 29 पाव देसी शराब जप्त कर उसके विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर उसे न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

# ट्रेलर की चपेट में आने से मवेशी की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



ट्रेलर की चपेट में आकर सड़क में मृत पड़ा मवेशी।

सर्वमंगला कनबेरी मार्ग पर एक ट्रेलर चालक ने लापरवाही पूर्वक ट्रेलर चलाते हुए सड़क कर बैठे गाय को अपनी चपेट में ले लिया और मौके से वाहन छोड़कर फरार हो गया। इस हादसे में गाय की मौके पर ही मौत हो गई। जिसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों व भूविस्थापितों ने आवागमन बाधित कर दिया।

**खास बात**

- सर्वमंगला कनबेरी मार्ग पर हुआ हादसा, आक्रोशित ग्रामीणों ने आवागमन किया था बाधित

उल्लेखनीय है कि प्रदेश की हर सड़क बारिश में गौठान बनी हुई है, सरकारी अव्यवस्था की वजह से मवेशी 24 घंटे सड़कों पर बैठे हुए है, जिससे दुर्घटनाएं भी घटित हो रही है। इन दुर्घटनाओं मवेशियों की जान जा रही है। कभी कभी दुपहिया चारपहिया वाहन भी हादसों का शिकार हो रहे हैं। सर्वमंगला कनवेरी मार्ग पर रविवार की सुबह सर्वमंगला मंदिर के पीछे रेलवे स्टेशन ब्रिज से थोड़ी दूर पहले कनवेरी की ओर से आ रही ट्रेलर क्रमांक सीजी 13 एवाय 3502 ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए सड़क में बैठी एक गाय को कुचल दिया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के वक्त श्रमसेवा भूविस्थापित कामगार संगठन के सदस्य गोविंदा सारथी वहां से गुजर रहे रहे थे, जिन्होंने ट्रेलर को रूकवाया, चालक ट्रेलर खड़ी कर मौके से फरार हो गया। जिसके बाद भारी वाहनों की आवजाही को बंद कर दिया, भूविस्थापित गोविंदा का कहना है कि इस मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही रहती है। जिनकी रफ्तार भी बेहद अधिक होती है, जिससे आए दिन हादसे हो रहे है, खासकर मवेशी भी इनकी चपेट में आ रहे हैं। ऐसे में एसईसीएल प्रबंधन और प्रशासन को चाहिए की इस मार्ग पर भारी वाहनों की ओवर स्पीड रोकने तत्काल उपाय करें। इधर घटना की सूचना पर सर्वमंगला चौकी प्रभारी वैभव तिवारी भी मौके पर पहुंचे, उन्होंने तत्काल अपने व एसईसीएल के अधिकारियों से बात कर घटना की सूचना देते हुए भूविस्थापित की मांग जिसमें भारी वाहनों की स्पीड नियंत्रित करने सूचना पटल लगाने, स्ट्रीट लाइट लगाने, मवेशियों को सड़क से हटाने, स्पीड ब्रेकर बनाने इत्यादि बातों का आश्वासन दिया गया। जिसके बाद भारी वाहनों का परिचालन फिर से शुरू हुआ। सर्वमंगला चौकी प्रभारी वैभव तिवारी ने मृत गाय को सड़क से उठवाया और उसका अंतिम संस्कार करने ले गए। आपको बता दें सर्वमंगला कनवेरी मार्ग में बीते एक माह में ही दर्जनों गाय, बैल और भैंसों की भारी वाहन के चपेट में आने से मौत हो गई है। इस दिशा में जल्द से जल्द सार्थक उपाय ही ऐसे हादसों पर विराम लगा सकती है।

# धारदार हथियार लहराकर जान से मारने की धमकी देने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



पुलिस गिरफ्त में आरोपी व जप्त सामान।

उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सरगबुंदिया निवासी संबोध राम सोनवानी उम्र 46 वर्ष पिता बिंदा राम सोनवानी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह 17 अगस्त की सुबह लगभग 9:35 बजे अपने घर में परिवार के साथ था कि उसी समय उसके मोहल्ले में रहने वाले जोगेन्द्र कुर्रे उर्फ जोगी पिता मसतराम कुर्रे शराब पीकर अपने पास हाथ में एक लोहे का हसियानुमा बड़ा लम्बा धारदार हथियार लेकर संबोध राम के घर के सामने दरवाजा के पास आकर लहरा कर डरा धमका रहा था एवं परिवार को मां-बहन की गंदी-गंदी गालिया देते जान से मारने की धमकी दे रहा था। इस घटना के पहले भी कई बार मारपीट, चोरी जैसे अपराधों में भी संलिप्त रहा है। मामले में पुलिस ने आरोपी जोगेंद्र कुर्रे के विरुद्ध धारा 296, 351 (3) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले की विवेचना की। विवेचना दौरान आरोपी की पता तलाश किया गया जो मौके पर उपस्थित मिला जिसे घेराबंदी कर पकड़ कर पूछताछ किया गया। जिसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त लोहे का हसियानुमा धारदार हथियार को जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। मामले में पृथक से अपराध धारा 111 (1) (ख) बीएनएस, 25, 27 आर्म्स एक्ट का घटित होना पाये जाने से जोड़ी गई है। मामले में पुलिस ने आरोपी जोगेन्द्र कुर्रे को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

**खास बात**

- उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम सरगबुंदिया का मामला

# नदी के बीचो-बीच पलटी नाव डूबने से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक 42 वर्षीय युवक मछली मारने के लिए नाव लेकर नदी में गया हुआ था। नदी के बीचों बीच पहुंचते ही अचानक उसके नाव में पानी भरना शुरू हो गया और नाव पलट गई। युवक नदी से तैर कर बाहर नहीं आ पाया और उसकी डूब जाने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और पिछले दो दिनों से उसकी खोजबीन कर रही थी। लंबी मशक्कत के बाद आखिरकार पुलिस ने नदी से उसके शव को बरामद कर वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

मामला मोरगा चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मदनपुर में निवास करने वाले रामकुमार मरकाम उम्र 42 वर्ष 15 अगस्त मोनासी नदी में मछली मारने के लिए नाव लेकर गया हुआ था। लगभग दोपहर लगभग 12:30 बजे नदी के बीचो-बीच पहुंचा हुआ था और मछली मारने में लगा हुआ था कि इसी दौरान धीरे-धीरे कर उसके नाव में पानी भरता चला गया और उसे पता नहीं चला। जब नाव का बैलेंस बिगड़ तब उसे पता चला कि नाव में पानी भर चुका है और इस बीच नाव पलट गई और नदी में वह डूब गया और वह नदी से बाहर नहीं निकल पाया। आसपास क्षेत्र में कुछ लोगों की नजर पड़ी तो इसकी सूचना स्थानीय लोगों को दी गई। जिसके बाद उसके परिजनों ने इसकी सूचना मोरगा चौकी पुलिस को दी। मोरगा पुलिस की टीम पिछले दो दिनों से गोताखोरों की मदद से मोनासी नदी में रामकुमार मरकाम की खोजबीन कर रही थी लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल पा रहा था। रविवार को आखिरकार रामकुमार मरकाम के शव को नदी से बरामद कर लिया गया। जिसके बाद पुलिस के मामले में वैधानिक कार्यवाही कर शव परिजनों से सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## सतरेंगा के कैंटीन में लगे एसी में बैठा था सांप, टीम ने किया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



जिले में स्थित सतरेंगा पर्यटन स्थल में उस समय लोगों में हड़कंप मच गया जब कैंटीन में लगे ए.सी. में एक अजीबों गरीब सांप दिखाई दिया, यहां प्रतिदिन की भांति लोग खूबसूरत नजारे को निहारने के साथ आनंद के लिए पहुंचे थे और रेस्टोरेंट में खाने के लिए बैठे थे तभी कुछ पर्यटकों की नज़र ए.सी. में पड़ी तो लोग वहां से भाग खड़े हुए फिर इसकी जानकारी वाइल्डलाइफ रेस्क्यु टीम प्रमुख जितेंद्र सारथी को दिया गया। जिसके उपरांत स्नेक रेस्क्यू टीम के सदस्य राकेश और राजू सतरेंगा पहुंचे और ए.सी. से सांप को बाहर निकाला। साथ ही सभी को बताया गया कि यह सामान्य बिल्ली सांप हैं। फिर रेस्क्यू टीम के सदस्यों द्वारा सांप को सुरक्षित रेस्क्यू किया गया तब जाकर लोगों ने राहत भरी सांस लिया। जिसके बाद उसे जंगल में छोड़ दिया गया।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780







# कांग्रेसियों ने वोट चोरी के खिलाफ निकाला कैंडल मार्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी ने जिला मुख्यालय में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने वोट चोरी के मामले को लेकर सुभाष चौक कोरबा में कैंडल मार्च निकाला। जिला कांग्रेस अध्यक्ष नत्थुलाल यादव ने कहा कि जनता के वोट पर डाका डालकर सत्ता में बैठे लोगों को गद्दी छोड़ देनी चाहिए। श्री यादव ने कहा कि जिले में भी वोटर सूची में अनेकों गड़बड़ी हुई है। हमने आयोग को पत्र लिखकर जांच कराने की मांग की है। ग्रामीण जिला अध्यक्ष मनोज चौहान ने कहा कि कांग्रेस लोकतंत्र की रक्षा के लिए सड़कों पर उतरने पीछे नहीं हटेगी। हम जिले के चारों विधानसभा के मतदाता सूची की गहन जांच कर रहें हैं। शीघ्र ही गड़बड़ी को लेकर जनता के बीच जाएंगे। इस मौके पर पार्षद मुकेश राठौर, कांग्रेस अनुसूचित जाति के अध्यक्ष नारायण कुर्रे, मण्डल अध्यक्ष पूर्व पार्षद मनीष शर्मा, महिला कांग्रेस अध्यक्ष कुसुम द्विवेदी, पार्षद सुकसागर निर्मलकर, सुभाष राठौर, कोसाबाड़ी मण्डल अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल, गिरधारी बरेठ, सेवादल अध्यक्ष प्रदीप पुरायणे, शशि अग्रवाल, रामकुमार राठौर, गीता महंत, सीमा उपाध्याय, हिमांशु सिंह, पार्षद रामगोपाल कुर्रे, टी पी नगर मंडल अध्यक्ष जवाहर निर्मलकर, गणेश दास महंत, मण्डल पालूराम साहू, रवि खुंटे आदि सहित अन्य उपस्थित थे।